लोक सभा अध्यक्ष ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 13 नवंबर, 2020: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने दीपावली की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा: "ज्योति पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर आप सबको हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रकाश पर्व दीपावली भी देश भर में मनाया जाने वाला ऐसा ही एक लोकप्रिय त्यौहार है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम दीपावली के दिन ही असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की विजय पताका फहराने के बाद अयोध्या नगरी वापस आये थे। उनका स्वागत अयोध्यावासियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर धूम-धाम से किया गया था।

साथियो, मैं इस पावन अवसर पर सभी देशवासियों से यही अपील करना चाहता हूँ कि आप सब दीपावली को भावपूर्ण ढंग से मनाएं, प्रदूषण से बचे, मिट्टी के दीये जलाएं और भारतीय कारीगरों द्वारा बनाए गए खूबसूरत सामानों से अपने घर-आंगन को सजाएं। का उजियारा हमारे आस-पास सभी घरों में, समाज के सभी वर्गों में फैलेगा और "वोकल फॉर लोकल" का आंदोलन और सशक्त होगा। इस प्रकार हम एक संगठित और समृद्ध समाज तथा एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

इसके साथ-साथ हमें यह भी ध्यान रखना है कि कोरोना का खतरा अभी समाप्त नहीं हुआ है। अतः, मेरा आग्रह है कि हम सब आने वाले सभी त्योहार कोरोना सम्बन्धी दिशानिर्देशों और सोशल डिस्टैन्सिंग का पालन करते हुए मनाएं। हम सब स्वयं भी जागरूक हों और अपने आस-पास भी जागरूकता का प्रसार करें।

दीपावली पर्व के इस शुभ अवसर पर मैं वीर सैनिकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ देता हूँ जो कठिन परिस्थितियों का दृढ़ता से सामना करते हुए पर देश की सीमाओं की बहादुरी से रक्षा कर रहे हैं।

मेरी शुभकामनाएं विदेशों में बसे भारतीयों के लिए भी हैं जो अपने अथक समर्पण तथा सदभावना पूर्ण व्यवहार से भारत की छवि निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

मैं समस्त देशवासियों को एक बार फिर प्रकाश पर्व दीपावली की ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूँ। आशा करता हूँ कि यह त्यौहार पूरे देश में आपसी स्नेह, सद्भाव और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा।"